तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

14 सशिमं की आचार्य दीदियों ने प्रशिक्षण वर्ग का लाभ लिया



13 एक्सपायरी नैनो यूरिया वितरण की निष्पक्ष ...





## खबर संक्षेप

### मोबाइल रिचार्ज में देरी पर युवक ने दुकानदार से की मारपीट, केस दर्ज

**बालोद।** देर रात दुकान मे पहुंचकर मोबाईल रिचार्ज करने की बात कह रहे युवक को मोबाईल रिचार्ज करने थोड़ा देरी होने पर युवक ने दुकानदार से मारपीट कर दी। जिसके बाद युवक के खिलाफ दुकानदार ने रिपोर्ट कराई है। मामला गुण्डरदेही थाना के अंतर्गत ग्राम सांकरी का है। मिली जानकारी के अनुसार किशोर जैन अपने दुकान के बाहर विपिन शर्मा, चुम्मन साहू के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान रात को खिले"वर कंवर दुकान मे आकर मोबाईल नंबर मे रिचार्ज कराने कहा। जिसमे अन्य काम व नेटवर्क समस्या के कारण देरी होने पर युवक दुकानदार को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद युवक ने सड़क किनारे पड़े शराब की बोतल से दुकानदार को मारा जिससे दुकानदार के गाल आंख के पास चोट लगी है। गुण्डरदेही थाने मे खिलेश्वर के खिलाफ धारा 115(2), 118(2), 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सेवा सम्मान समारोह में कोसरे को दी विदाई



**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में कार्यरत लैब तकनीशियन रसायन शास्त्र शिव प्रसाद कोसरे द्वारा सेवा के अंतिम दिवस पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोसरे द्वारा महाविद्यालय में अपनी वर्षो की सेवा यात्रा समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की स्मृतियों को साझा किया गया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रयोगशाला संचालन, उपकरण रखरखाव एवं विद्यार्थियों को प्रायोगिक शिक्षा में सहायता प्रदान करते हुए महाविद्यालय की प्रयोगात्मक गतिविधियों को मजबूत आधार प्रदान किया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता, प्राध्यापकगण, शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारी तथा विद्याथएँगण उपस्थित रहकर कोसरे के योगदान को ससम्मान विदाई दिया।

### बालोद में शासकीय कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी शासकीय सेवक को कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में मिश्रा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 10 बजे तक बायोमैट्रिक के माध्यम से अनिवार्य ▶▶| शेष पेज 13 पर

# फुटबाल टूर्नामेंट थाईलेंड के लिए भारतीय महिला टीम क्वालिफाइंग, छग की किरण पिस्दा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 22 साल बाद एएफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रच दिया है। इस टीम मे छत्तीसगढ़ की बेटी किरण पिस्दा का नाम विशेष रूप से शामिल है। क्वालिफाइंग टूर्नामेंट थाईलेंड मे खेला गया था। ग्रुप-बी के सभी मुकाबलों में भारतीय टीम विजयी रही।

किरण भरतीय टीम मे डिफेंडर है, बताया जा रहा है कि किरण यूरोपिय क्लब से खेलने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला फुटबॉलर भी है। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने मेजबान थाईलैंड पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस मैच में मिडफील्डर संगीता बसफोर ने 2 गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन आखिरी समय तक डिफेंस को मजबूत बनाए रखने में किरण पिस्दा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। किरण के पिता महेश राम पिस्दा जिला संयुक्त कार्यालय में सहायक अधीक्षक हैं। उनकी मां मिलापा पिस्दा गृहणी हैं। किरण के माता-पिता का कहना है कि यह पल न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ जिले के लिए गौरव की बात है। किरण ने 2023 में क्रोएशिया के एक फुटबॉल क्लब से अनुबंध कर यूरोप में भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे पहले वे सेतू एफसी (चेन्नई) और केरल ब्लास्टर्स वुमन टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। यूरोप में बिताए आठ महीने के अंतरराष्ट्रीय अनुभव ने किरण ▶▶| शेष पेज 13 पर

## किरण यूरोपिय क्लब से खेलने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला फुटबॉलर



### कठिन मेहनत से अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला मौका



फुटबॉल के प्रति समर्पण और कठिन मेहनत ने किरण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया है। आज वे न केवल बालोद, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुकी हैं। आने वाले समय में उनसे भारतीय महिला फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर पहुंचाने की उम्मीद है। किरण ने खेल की शुरुआत बालोद के संस्कार शाला मैदान से की थी। जब भी वे बालोद आती हैं तो सुबह 5 से 8 और शाम 4 से 7 बजे तक नियमित अभ्यास करती हैं। अभाव कभी उसके जज्बे का रोड़ा नही बना, उनके वार्ड में मैदान नहीं होने के कारण रोजाना 500 मीटर दूर अभ्यास करने जाती थीं।

## समस्या : पुस्तक लेने हजारों रुपए में वाहन किराया लेकर जाते हैं और खाली लौटते हैं

# पापुनि से निजी स्कूलों को शिक्षा सत्र के 3 सप्ताह बाद भी नहीं मिली पूरी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शिक्षा सत्र 2025/26 के 3 सप्ताह बीत जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक निगम भंडार में पूरी पुस्तक नहीं मिलने के कारण उदास मन से प्राइवेट स्कूल शिक्षक अधूरे पुस्तक लेकर वापस स्कूल पहुंचे। अव्यवस्था से पीड़ित परेशान शिक्षकों ने कहा कि शा स न निःशुल्क पुस्तक दे रही है, ले कि न स्कूल वालों को एक बार में वाहनों का हजारों रुपया लग रहा है, दूसरी बार और जाना पड़ेगा फिर हजारों रुपयों की चपेट स्कूलों को लगेगी। अच्छा होता एक बार में ही पूरा पुस्तक मिल जाता, तो देर आए दुरुस्त आए वाली कहावत चरितार्थ हो जाती। लेकिन यहां तो देर आए उदास ▶▶| शेष पेज 13 पर

- निगम के पुस्तक भंडार में भारी भीड़, निदान के नहीं गई है व्यवस्था





### भीड़ देख बौखलाए प्रभारी

आधे अधूरे पुस्तक वितरण की अव्यवस्था के संबंध में डिपो पुस्तक वितरण प्रभारी प्रतिभा अवस्थी ने हमारे प्रतिनिधि से कहा कि भीड़ बहुत ज्यादा है बात करने की स्थिति में नहीं है आपको जो करना है वो कर ले। भीड़ की दबाव से मैडम की झलकती बौखलाहट साफ साफ वाणिगोचर हो रही थी। अंततः स्कूल वाले आधे अधूरे पुस्तक लेकर लौटने विवश हुए।

### ये पुस्तकें सोमवार को डिपो में नहीं मिली

कक्षा 1 अंग्रेजी, कक्षा 2 हिंदी, कक्षा 4 हिंदी, कक्षा 4 पर्यावरण कक्षा 5 हिंदी, कक्षा 5 पर्यावरण, कक्षा 6 संस—त, कक्षा 6 सामाजिक विज्ञान भाग एक, कक्षा 7 सामाजिक विज्ञान भाग, कक्षा 8 गणित, कक्षा 8 संस—त, कक्षा 8 सामाजिक विज्ञान भाग 1, कक्षा 8 सामाजिक विज्ञान भाग दो, कक्षा 9 अंग्रेजी, कक्षा 10 विज्ञान की पुस्तके नही मिली।

### निःशुल्क पुस्तक का खर्च भरी

शासन से पहली से दसवीं तक पुस्तक निःशुल्क दी जाती है। जिसकी प्रक्रिया होती है पहले डीईओ से अनुशंसा लेने जिला मुख्यालय का प्रवास खर्च फिर पाठयपुस्तक निगम रायपुर डिपो हजारों रुपयों की किराया वाली वाहन लेकर पहुंचकर कतार में खड़े होकर चालान कटवाना और फिर पुस्तक मिलने की बारी का इंतजार करना ,बारी आ गई तो ठीक वरना फिर दूसरे दिन भाग्य आजमाना। बमुश्किल ये निपट गया तो पता चलता है अनेकों पुस्तक ही डिपो में नहीं है। फिर एक बार हजारों का खर्चकर वाहन में आना पड़ेगा। और इस साल तो स्कैनिंग कर पुस्तक वितरण करने का फरमान है।

### डिपो में चलती है इंतजार की घड़ियां

आधे अधूरे पुस्तक भी अनेकों स्कूल को लंबी कतार के बाद भी नहीं मिल सकी, डिपो में व्यवस्था बनाने वाले तो दूर की बात है कोई पूछताछ केंद्र की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे दूर दराज स्कूलों के प्रतिनिधियों को कोई मार्गदर्शन देकर सहायता कर सके। यहां पहुंचने के बाद केवल इंतजार और इंतजार की घड़ी चलती है। पहले चालान बनाने, फिर आधे अधूरे पुस्तक संगृहीत करने और फिर डिपो प्रभारी से मिलने की इंतजार चलती है।

### पुस्तक वितरण सरलीकरण की मांग

शासन के पास पुस्तक वितरण के लिए शानदार व्यवस्था डीईओ बीईओ बीआसी संकुल समन्वयक नोडल केंद्र की श्रृंखलात्मक सुव्यवस्था है फिर भी पुस्तक वितरण के लिए डिपो में बुलाकर घमासान मचाए हुए है इन माध्यमों का उपयोग शासन शिक्षा प्रशासन हमेशा करती है शासन प्रशासन पुस्तक वितरण में इन माध्यमों का उपयोग नहीं करके सर्वत्र परेशानी का सैलाब खड़ा कर दिए है। जो कतई किसी के हित में नहीं है।पुस्तक वितरण सरलीकरण किया जाना पीड़ित स्कूल वालों की मांग है।

# गंगानगर-कलेक्टोरेट मार्ग निर्माण पर फटकार के बाद भी लापरवाही जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत झलमला में गंगा नगर से कलेक्टेट पहुंच मार्ग तक सीमेंटीकृत सड़क निर्माण कार्य मे कथित ठेकेदार व पंचायत की लापरवाही लगातार जारी है। सड़क मे डाली गई निर्माण सामग्री अब राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क के लिए लगभग आठ माह पूर्व खनिज निधि से 10 लाख रूपये का सीसी रोड के लिए स्वीकृत हुआ है। सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य 30 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हो चुका है लेकिन कार्य स्थल पर एक इंच की ढलाई दो माह मे भी पंचायत नही कर सकी।

इस समस्या को प्रमुखता से हरिभूमि के द्वारा समाचार प्रकाशित किया गया। समाचार लगने के बाद ठेकेदार को फटकार लगाने के बाद निर्माण कार्य में गति आई, लेकिन इसके साथ भी ठेकेदार की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। जहां निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा अवस्थित तरीरेके से निर्माण सामग्री सड़क मे रखी जा रही है, जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ है। जिसके कारण रोजाना राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा रेत और गिट्टी को सड़क के बीचों बीच डाल दिया गया है। जिससे स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है, क्योंकि गंगा नगर झलमला में ही हाई स्कूल स्थित है, जहां आस पास के बच्चे इसी रास्ते से स्कूल आना जाना करते है, लेकिन ▶▶| शेष पेज 13 पर

- एक इंच की ढलाई दो माह में भी पंचायत नहीं कर सकी, सड़कों पर बिखरी है निर्माण सामग्री

# छमुमो को चुनाव आयोग की नोटिस पंजीकरण रद्द करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश पर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (दल्लीराजहरा, जिला बालोद) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत जारी किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई इसलिए की जा रही है क्योंकि पार्टी ने वर्ष 2019 से बीते छह वर्षों में न तो लोकसभा और न ही किसी राज्य विधानसभा अथवा उपचुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ा किया है। आयोग के अनुसार इससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी ने सक्रिय रूप से राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना बंद कर दिया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29ए के अंतर्गत पंजीकृत किसी भी दल का उद्देश्य चुनावों में भागीदारी होता है, और यदि कोई दल इस उद्देश्य ▶▶| शेष पेज 13 पर

# बरसात में मां सियादेवी मंदिर के झरने के प्राकृतिक सौंदर्य में आया अनूठा निखार

पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित, स्नान और फोटो खींचने की लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के प्रमुख दार्शनिक व पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध मां सियादेवी मंदिर का झरना झमाझम बारिश के बाद अपने प्राकृतिक सौंदर्य के सांथ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर लोगों का मन मोह रहा है।

जहां बारिश के मौसम के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य को देख पर्यटकों को अलौकिक आनंद की अनुभूति होती है, जिसके कारण पर्यटक घंटों समय प्राकृतिक वादियों में व्यतीत करते नजर आते है। लेकिन इसके सांथ ही आम जनता की लापरवाही भी सामने आ रही है। लोग गहरे पानी मे व झरनाम नहाने उतर रहे है। घने जंगलों के बीच बसी मां सियादेवी मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाओं के साथ ही झरने की कलकल ध्वनि झील और विशाल काय काले पत्थर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर अनदेखी

सैलानी जान जोखिम में डाल झरने में नहाने और फोटो लेने को उत्साहित नजर आ रहे हैं, जबकि मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की गई है लेकिन पर्यटक झरने के नजदीक जाकर फोटो खींचते देखें जा सकते हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

## सतसंग सत्र में भक्ति संगीत का आयोजन किया जिसमें भजनों की प्रस्तुति दी गई

# विहिप व बजरंग दल के प्रशिक्षण में कई जिले के कार्यकर्ता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बालोद, राजनांदगांव, मोहला मानपुर जिले के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय वर्ग का आयोजन 4 जुलाई से 6 जुलाई तक राजनांदगांव के अग्रहरि भवन में व गांधी सभा कक्ष में आयोजित किया गया था, जिसमे तीनो जिले क्रमशः बालोद, राजनांदगांव व मोहला मानपुर से पहुँचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शौर्य वर्ग में विहिप संगठन के कई बड़े पदाधिकारी शामिल हुए व युवाओं का मार्गदर्शन किया। 4 जुलाई को उद्घाटन सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री (मध्य क्षेत्र) जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा वर्ग प्रारंभ हुआ। वही देर शाम को विहिप राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया लाल कुंदन का मार्गदर्शन मिला। द्वितीय दिवस 5 जुलाई को प्रान्त उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने गुण व्यवहार पर युवाओं के बीच अपनी बात रखी। वही प्रान्त सह मंत्री नंदुराम साहू ने प्रवास, बैठक का महत्त्व व संचालन विषय पर जानकारी दी।

### शामिल हुए

वर्ग में बालोद जिला से जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप, लाल मुनाई, जिला मातृशक्ति संयोजिका बालोद सत्या साहू, मोहला मानपुर जिला मंत्री गुरुदयाल साहू, मुरली साहू, बालोद जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नीलेश श्रीवास्तव, बोधन भट्ट, मोनू सोनवानी, कैलाश साहू, देवेंद्र साहू, योगिता साहू, दीपिका साहू, जानकी यादव, खिलेश्वरी साहू, शोभा साहू, केसरी साहू, अधिवक्ता विहिप विधि विभाग जिला बालोद सेवन कुमार साहू, रघुनंदन गंगबोइर, पंकज साहू, टीकम साहू, पूनम साहू सहित बालोद संगठन के सदस्य उपस्थित थे।





### संगठनात्मक ढांचा और समिति गठन की जानकारी दी

द्वितीय सत्र में प्रान्त मंत्री विभूति भूषण पांडेय ने संगठनात्मक ढांचा, समिति गठन व वार्षिक कार्यक्रमो की जानकारी दी। वही दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय मंत्री विशेष संपर्क विभाग अम्बरीश ने वर्तमान स्थिति व देश मे बदलते परिवेश पर अपना बौद्धिक युवाओं को दिया। क्षेत्र अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने संगठन उद्देश्य, गठन व आयाम पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने कानून व विधि सम्बंधी जानकारी दी। देर रात सत्संग का आयोजन किया गया। जहां प्रान्त सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा के द्वारा भक्तिपूर्ण संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। वर्ग के अंतिम दिवस प्रान्त संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया ने समिति के कार्य, रचना व सत्संग बढ़ाने का कार्य पर युवाओं को आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने बजरंग दल के कार्य, स्थापना, उद्देश्य व आयाम पर चर्चा की शाम को वर्ग का समापन जितेंद्र सिंह के प्रमुख उपस्थित में सम्पन्न हुआ। वर्ग में पालक अधिकारी विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे थे। वर्ग में तीनों जिलों के विहिप संगठन के जिला समिति के कार्यकर्ताओं का बैठक भी सम्पन्न हुआ। जिसमें जुलाई व अगस्त माह में संगठन कार्यक्रम करने की कार्ययोजना बनी।

# चैंबर आफ कामर्स की कार्यकारिणी ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश सांखला व कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महेश्वरी भवन बालोद में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सतीश थोरानी, प्रदेश संरक्षक छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चंद सुंदरानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज निकेश बरडिया उपस्थित थे। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, मनीष चौरड़िया, सुरेश सोनी, महेश चांडक, थानमल जैन, सोहन सिंहा, चुन्नी ताम्रकार एवं मोहम्मद आरिफ खान शामिल हुए।

# बीसीसीआई के मापदंड में स्टेडियम खरा, एग्रीमेंट के बाद शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर बीसीसीआई के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मापदंड में रविशंकर स्टेडियम को खरा पाया है। प्रतिनिधि मंडल ने निरिक्षण के बाद जिला प्रशासन को जमीन हस्तांतरण के लिए दस्तावेज तैयार करने के निर्देश भी दिए है। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया के तहत जल्द ही राज्य शासन और बीसीसीआई के बीच एग्रीमेंट होगा, जिसके बाद आगामी 33 साल के लिए स्टेडियम को बीसीसीआई अपने निगरानी पर चलाएंगी।

स्टेडियम का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मापदंडो के अनुसार कायाकल्प करने प्रारंभिक तैयारी के रूप में निरिक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधि मंडल रविवार को दुर्ग पहुँचे और स्टेडियम में निर्माण संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं का मौका मुआयना किया।

बीसीसीआई से प्रक्रिया आगे बढ़ाने हेतु मिले निर्देश के बाद रविवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि सीसीपीएल के डायरेक्टर विजय शाह, सीएससीए उपाध्यक्ष प्रमोद शंकर शर्मा, पूर्व सह सचिव विनय बजाज, संचालन समिति के सदस्य योगेश बागड़ी, क्रिकेट ऑपरेशन के एजीएम सचिन टांक, बोर्ड मेंबर अजय तिवारी, टेक्निशियन प्रभात सक्सेना, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अग्रवाल और तकनीकी टीम के साथ मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट आयोजन हेतु पार्किंग और पर्याप्त स्थल पर संतोष जताते हुए जमीन हस्तान्तरण करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए गए है।

### मानस भवन टूटेगा, तांदुला परिसर में पार्किंग

विधायक ने बताया कि, वर्तमान में स्टेडियम दस एकड में फैला है, अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए 19 एकड की और जरूरत होगी। इसके दायरे में आ रहे मानस भवन टूटेगा, वही पार्किंग के लिए तांदुला कार्यालय परिसर का उपयोग किया जाएगा। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया है, ताकि बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसकी क्षमता और बढ़ाई जाएगी। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे बनाए जाएंगे। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया, मैच के पार्किंग सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरीक्षण किया गया। मौका मुआयना करने के दौरान दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संजू श्रीवास्तव, सुरेश साहू सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पं रविशंकर स्टेडियम का चार सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण



### पेपर वर्क जल्द तैयार करने कहा

ड्राइंग के मुताबिक स्टेडियम के चारों ओर खेल एरिया, पार्किंग, इंडोर और आउटडोर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर पेपर वर्क को शीघ्र तैयार करने कहा गया है। जिससे लीज प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द निर्माण प्रारंभ किया जा सके। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को विकसित किये जाने से दुर्ग शहर को नई पहचान मिलेगी और दुर्ग का नाम देश उमदा शहरों में गिना जायेगा।

### विधायक की पहल पर बीसीसीआई ने भेजा प्रस्ताव

दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए जिला प्रशासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई मिलेगी। खिलाड़ियों को लाभ मिलने के साथ यहां का व्यापार बढ़ेगा और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिलेगा। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य योगेश बागडी ने बताया कि, बीसीसीआई के मापदंड में 175 मीटर का दायरा जरूरी है। वर्तमान में स्थिति वैसी ही है। इसलिए सभी मापदंड में स्टेडियम सही पाया गया।

## खबर संक्षेप



### रूद्र सेना ने सौंपा सांसद विजय को ज्ञापन

**भिलाई।** जनसंख्या नियंत्रण कानून को जल्दी बनवाने के समर्थन में रुद्र सेना द्वारा सांसद एवं रूद्र सेना के संरक्षक विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा। सासंद ने ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने बताया कि यह देश के लिए सबसे जरूरी है। हमारे सदस्यों के लिए भी यह बात लागू होती है कि वह यह अभियान राष्ट्रीय हित का अभियान एवं अपने घर का अभियान मानकर आगे बढ़े अन्यथा आने वाली पीढ़ी इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिए बाध्य हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता एवं गैर राजनीतिक संगठन रूद्र सेना प्रमुख अरुण बेरी, जीपी तिवारी, ज्ञानेंद्र पांडे, नवीन जैन, प्रमोद सोनी, वीके सिंह उपस्थित थे।

### मकान नहीं बनाया 80 लोगों को नोटिस

**भिलाई।** मोर जमीन-मोर मकान घटक अंतर्गत राशि आबंटन किया गया है। किन्तु हितग्राहियों द्वारा किश्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी मकान निर्माण की प्रक्रिया प्रांरभ नहीं की जा रही है। मात्र 19 हितग्राहियों द्वारा वर्तमान में आवास का निर्माण कर लिया गया है। शेष 80 हितग्राहियों द्वारा अभी तक मकान निर्माण की प्राक्रिया प्रारंभ नहीं किए है उन्हे नोटिस दिया जा रहा है।

तीन सरकारी एजेंसियों का अरबों का है बजट

# नीट एंड क्लीन टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नाकाफी साबित हो रहे बीएसपी व भिलाई, रिसाली नगर निगम

टाउनशिप में तीन,तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी लाखों लोगों को विकास के लिए तरसना पड़ रहा है। अरबों का बजट होने के बाद भी भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त नहीं करवा पा रहे हैं। बारिश के मौसम ने हालत दुबले पर दो आषाढ़ की तरह कर दी है।

उल्लेखनीय है कि कुछ साल पूर्व तक सर्वसुविधायुक्त माने जाने वाली नीट एंड क्लीन टाउनशिप में नागरिक सहूलियतें बदहाल हो रही हैं। जबकि यहां विकास और मेंटेनेंस के लिए बीएसपी के अलावा नगर निगम भिलाई और नगर निगम रिसाली यानी तीन एजेंसियां हैं। इनका बजट भी अरबों रुपए का है। सभी सेक्टरों में सफाई,आवास, पेयजल, क्रास स्ट्रीट, बिजली गुल होने आदि समस्याएं व्याप्त हैं। इनके चलते रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक पिछले पांच सात साल से लोकेशन के साथ नागरिक सुविधाओं के मामले में भी टाउनशिप की चर्चा होती थी। लेकिन बुनियादी सुविधाएं चरमराने की स्थिति में हैं। सबसे बड़ी आवासीय समस्या है। पचास साठ साल पूर्व बने बीएसपी कर्मियों के मकान जर्जर हो चुके हैं। आवासों की दीवारें, स्लैब और छज्जों के प्लास्टर टूटकर गिरते रहते हैं। बारिश में सीपेज की समस्या भी बनी हुई है। वायरिंग व स्विच बोर्ड टूटे व टायलेट बाथरुम जाम होने की शिकायतें बढ़ रही हैं। आवासीय परेशानी के अलावा पूरे टाउनशिप की सफाई व्यवस्था चरममरा गई है। सेक्टर 6,7 सेक्टर 4,8 और सेक्टर 10 आदि सभी सेक्टरों में सड़कों और आवासीय ब्लाकों के आसपास कचरे के ठेर लगे हैं। डस्टवीन ओवरफ्लो होने से गंदगी व बदबू का फैल रही है। रहवासियों ने बताया कि सफाई कर्मी दो तीन दिन के अंतराल मे आते हैं और आधा अधूरा कचरा उठाकर चले जा रहे हैं। आए दिन बिजली गुल हो रही है। सेक्टर 1, सेक्टर 3 सहित सभी सेक्टरों में एक दो दो घंटे बिजली गुल रहती और आती जाती रहती हैं।

### सफाई व्यवस्था चरमराई, बिजली की आंखमिचौली



### आवारा मवेशी और कटखने डाग

टाउनशिप में एक बड़ी समस्या आवारा मवेशियों की बढ़ चली है। इससे लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। सेंट्रल एवेन्यू, गैराज रोड आदि मुख्य सड़कों के साथ टाउनशिप के आवासीय ब्लाकों के परिसर में हजारों गाय, सांड और बछड़े आदि विचरते हुए गोबर कर गंदगी फैला रहे हैं। इनसे अस्वच्छता के साथ दुर्घटनाओं में वृद्धि भी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा आवारा मवेशी पकड़ो अभियान रस्मअदायगी में सिमट कर रह गया है। मवेशियों के अलावा आवार कुत्तों की भी समस्या बढ़ रही है। सड़कों पर कुत्ते समूहों में लोगों को दौड़ाते हैं और इनके काटने की भी घटनाएं बढ़ रही हैं।

### पेयजल किल्लत व जर्जर स्ट्रीट

टाउनशिप में अधिकतर मुख्य सड़कें तो चकाचक हैं। कई सड़कों का डामरीकरण व चौकों को सौंदर्यीकरण हुआ है लेकिन सभी सेक्टरों की क्रास स्ट्रीटें सालों से जर्जर हैं। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 3 में बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है और गड्ढों से गाड़ियों के कलपुर्जे खराब होने के साथ आए दिन टायर पंचर हो रहे हैं। इसके अलावा पेयजल किल्लत व नलों में शुरु में गंदा पानी आता है। नल दस पंद्रह मिनट पहले बंद हो रहे हैं।

भिलाई-दुर्ग के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

# रेलवे मजदूर कांग्रेस के अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- रायपुर डिविजन उदय, नागेश्वर को मिली जिम्मेदारी
- रेलवे कर्मियों के हित में कई प्रस्ताव भी

रेलवे मजदूर कांग्रेस का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई-दुर्ग के रेलवे मजदूर कांग्रेस के कर्मी पहुंचे थे। अधिवेशन नागपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बिलासपुर, नागपुर, रायपुर मंडल के डेलीगेट, जनरल काउंसिल मेंबर, केंद्रीय पदाधिकारी पहुंचे थे। अधिवेशन के पहले दिन अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, विशिष्ट अतिथि मंडल रेलवे प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता, सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुंबई अध्यक्ष प्रवीण वाजपेई, वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ के महामंत्री अशोक शर्मा शामिल हुए। अधिवेशन में ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की जोरदार मांग की गई। एनपीएस के कारण कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की सेवा के प्रति सुरक्षा का भाव पैदा करती थी। जबकि वर्तमान एनपीएस व्यवस्था में सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त लाभ की कोई गारंटी नहीं है। सम्मेलन में रेल कर्मचारियों के हित में कई प्रस्ताव पारित किए गए। मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली, वर्तमान यूपीएस के प्रस्ताव को ना मंजूर करना, सेफ्टी से जुड़े रेलवे के रिक्त पदों की तत्काल भर्ती करने, प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों पर कर्मचारियों को वीआईपी रेस्ट हाउस बुक करने का अधिकार दिलाना। अनुकंपा नियुक्ति में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को परीक्षा के बिना योग्यता के आधार पर ग्रुप सी में नियुक्त करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### इन्हें मिली है जिम्मेदारी

मजदूर कांग्रेस रायपुर डिविजन मंडल समन्वयक डी विजय कुमार ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में 24 केंद्रीय पदाधिकारियों को भी चुना गया। राजेंद्र प्रसाद, बीडी प्रसाद,भीमराव बोदेलकर को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन और महामंत्री पितांबर लक्ष्मी नारायण निर्वाचित हुए। इसमें रायपुर डिविजन से उदय यादव,नागेश्वर राव को एडिशनल ज्वाइंट जरनल सेक्रेटरी बनाया गया है। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, रविन्द्र कुमार धल, संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री, बी. कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, इंदल दमाहे, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, जीएस आइच, डीडी महेश, शुभम उपाध्याय, राजेश सोनकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष युवा साई किरण को जिम्मेदारी मिली है।

## परशुराम भवन में आमसभा, भूमिहार समाज के उत्थान का लिया संकल्प



**भिलाई।** भूमिहार ब्राह्मण समाज की आमसभा सेक्टर -2 परशुराम भवन में हुई। अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह ने सामाजिक सदस्यों के उत्थान का आह्वान किया। महासचिव मधु सूदन शर्मा सामाजिक गतिविधियों व कोषाध्यक्ष कृष्णा नन्द राय ने सालाना आय व्यय का बजट रखा, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। संचालन बलराम सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय ने किया। सभा ने समाजिक सहयोग राशि को 3 लाख से 5 लाख, भवन के विस्तारीकरण पर 15 लाख की राशि स्वीकृति दी, फ्रीजर, अंतिम संस्कार, शादी व्याह के लिए भी राशि स्वीकृति दी। इस अवसर पर एएन सिंह, रामजी राय, चंद्रमा राय, संजय सिंह, अजय राय, नवीन राय, संजीव सिंह, सत्यप्रकाश राय, हरेंद्र राय, विपिन ठाकुर, बंटू शर्मा, अंजनी राय, सुनिल शुक्ला, शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा एवं संरक्षक, आजीवन सदस्य उपस्थित थे।

# टाकीज से प्रेक्षागृह बना नेहरू हाउस मांग रहा मेंटनेंस, दो महीने से बंद, कहां हो नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जर्जर हुआ भवन, रिवाल्विंग स्टेज अव्यस्थित



भिलाई के फौलादी रंगकर्म को राष्ट्रीय फलक देने में अहम भूमिका निभाने वाला नेहरु सांस्कृतिक सदन पिछले लंबे समय से मेंटेनेंस मांग रहा है। पचास साल पुराने इस प्रेक्षागृह के जर्जर होने से नाट्य संगठनों के साथ विभिन्न संस्थाओं व विविध आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 दशकों से सेक्टर एक स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन नाटकों के मंचन के साथ सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों का प्रमुख केंद्र है। खासकर ट्विनसिटी के रंगमंच को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इस प्रेक्षागृह की अहम भूमिका रही है। लेकिन पिछले आठ दस साल से इस भवन के जर्जर होने से नाट्य संगठनों को नाट्य मंचन में दिक्कत आ रही है। भवन का स्टेज ऊबड़खाबड़ होन से कलाकारों को मंचन में दिक्कतें होती हैं। 5 साल पूर्व रिवाल्विंग ढांचे को निकाल दिया गया है और ऊपर उठने वाले परदे को भी हटा गया है। कलाकारों ने बताया कि अंदर दीवारों पर प्लाइ व परदे भी हटा दिए जान से आवाज इको होते रहती है। कई कुर्सियां भी टूट चुकी हैं। वाशरुम व मेकअप रुम भी समस्याग्रस्त हैं। भवन के बाहर दीवारें व स्लैब तथा यहां आवंटित नाट्य संगठनों के कक्ष भी जर्जर हो चुके हैं। भवन को पिछले दो महीने से बंद बंद कर दिया गया है।

### तीस साल पहले थी टाकीज

पिछले पचास साल के दौरान बीएसपी के छत्तीसगढ़ लोक कला महोस्तव सहित कई बड़े सांस्कृतिक आयोजनों का साक्षी रहा नेहरु हाउस तीन दशक पूर्व टाकीज हुआ करता था। यहां बीएसपी द्वारा कलामंदिर (चित्रमंदिर) की तरह कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए हिंदी व अंग्रेजी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता था। 1992 में इस टाकीज को प्रेक्षागृह में तब्दील कर दिया गया। नेहरु सांस्कृतिक भवन में पूर्व पीएम राजीव गांधी व इस्पात मंत्री सहित प्रसिद्ध मोटिवेटर राजीव दीक्षित सहित कई हस्तियों की सभा हो चुकी है।

## बीमारी के लिए किया जागरूक

**भिलाई।** निगम ने मौसमी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के रोकथाम के लिए लोगों से अपील की जा रही है कि वे बारिश के दिनों में अपने घरों के कंटेनर, गमले या खाली पात्र में पानी रूकने न दें। सफाई करते रहें। रोगों के बचाव, रोकथाम और नियंत्रण हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने नागरिकों से अपील की। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए।कमच्छर लार्वा स्त्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर व सूखाकर पालीथीन से ढककर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें।बाग -बगीचों में रखे गए कबाड़ व अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो।घर के आसपास के गड्ढों व नालियों के रूके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है।

इधर प्रबंधन भी उत्पादन बनाए रखने के लिए कटिबद्ध, 9 जुलाई को हड़ताल

# बीएसपी में देशव्यापी हड़ताल को लेकर यूनियनें कर्मियों को कर रहीं एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार की 4 लेबर कोड सहित अन्य श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हड़ताल की तैयारी यूनियनों ने तेज कर दी है। एक ओर श्रमिक संगठन हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों को लामबंद कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने हड़ताल को नाकाम करने कवायद शुरु कर दी है। हड़ताल को लेकर रविवार को इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन की हुई कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने रणनीति पुख्ता की गई।

केंद्र सरकार की चार श्रम संहिताओं व निजीकरण सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर संयुक्त श्रमिक संगठन 9 जुलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल में भी हड़ताल का आव्हान किया है। हड़ताल को लेकर यूनियनें और प्रबंधन आमने-सामने आ गए हैं। एक तरफ हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने के लिए संयुक्त यूनियन द्वारा प्रबंधन को नोटिस देकर प्लांट के अंदर व बाहर कर्मचारियों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने बीएसपी में शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने यानी उत्पादन व कामकाज सामान्य बनाए रखने की जोरआजमाईश तेज कर दी है। यूनियनों ने आज बैठक लेकर बोरिया गेट, मेन गेट और खुर्सीपार गेट पर पंफलेट बांटने के साथ प्लांट के अंदर वर्कर्स से मिलकर हड़ताल मे शामिल होने अपील की जा रही है। वहीं प्रबंधन ने बिना नोटिस का हवाला देते हुए हड़ताल में शामिल होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए चेताया है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके आलाव प्रबंधन द्वारा उत्पादन को बनाए रखने के लिए नाइट शिफ्ट के कर्मियों को रात में प्लांट में हो रोककर रखने व उनके लिए खाने व नाश्ते की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यूनियनों की रणनीति है कि पांच साल से लंबित सेल वेतन समझौता को पूर्ण कराने और सामने यूनियन चुनाव को देखते हुए हर स्थिति में हड़ताल को सफल बनाया जाए।



### पिछली बार की तरह हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति

गौरतलब हो कि पिछले साल 28 अक्टूबर को हुई देशव्यापी हड़ताल की गई थी। यूनियनों ने बीएसपी में हड़ताल के सफल को सफल बताया था। यहां पचास से साठ प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा किया गया था। वहीं इसके पूर्व बीएसपी में 30 जून 23 को हुई हड़ताल में शामिल कर्मियों के खिलाफ प्रबंधन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कुछ कर्मियों का तबादला कर दिया था।

### सम्मेलन में संयू का संकल्प

संयुक्त यूनियन के संयोजक व इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने इंटक कार्यालय में हुई क्न्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। प्रबंधन आईआर को हड़ताल का नोटिस दिया जा चुका है। एटक जीएम वीके सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीटू के एसपी डे, एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, एचएमएस के पीके मिश्रा, लोइमू के मोहंती, स्टील वर्कर्स यूनियन के एनके गुप्ता सहित 7 यूनियन के नेताओं ने कर्मियों से हड़ताल को लेकर जागरुक रहने की अपील की ।

## परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर प्रश्नपत्रों की समीक्षा

**भिलाई।** स्कूल या कॉलेज सभी विद्यार्थियों के जीवन में परीक्षा परिणाम का दिन सबसे अहम पल होता है। जिसके लिए वे साल भर मेहनत करते है, जिसके परिणाम स्वरुप वे अपने जीवन की सफलता के नए सोपान पार करते है। विद्यार्थियों के लिए वो पल भी अविस्मरणीय हो जाता है जब उनकी सफलता पर कालेज में उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। ऐसे ही फार्मेसी विद्यार्थियों के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को शैसे और प्रतीक चिंन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। जिसे देख अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित हुए। स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ फार्मेसी में स्नातक प्रथम वर्ष बी फॉर्म के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच प्रवीण्य क्रम के विधार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। विभाग प्रमुख डॉ गुंजन जैसवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बी फॉर्म की परीक्षा का परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विभाग के प्राध्यापकों ने परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया और सभी प्रश्नपत्रों की समीक्षा की गई। प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विधार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रोत्साहन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष भर की मेहनत का ही परिणाम है कि उत्कृष्ट परीक्षाफल आया है।

## खबर संक्षेप

### पटरीपार में जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर वार्ड 60 पटरीपार में महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड के नागरिको ने मिलकर पौधे लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। महापौर ने कहा वृक्षारोपण कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। इस दौरान पीपल, बरगद, बादम नीम एवं सिंदूर के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर, अरुण सिंह, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजाम, पटरीपार मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, जयश्री राजपूत, प्रमोद पाटिल, रेवती कुटेल, सुधा सिंह, संतोष बलराम, मौसमी ताम्रकार, अंजू तिवारी यश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहें।

### कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने शिव, उपाध्यक्ष ऋषिकांत

दुर्ग। जिला कुश्ती संघ दुर्ग की बैठक रविवार को महात्मा गांधी स्कूल प्रांगन मे बैठक हुई। जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन हेतु सर्वसम्मति से परित किया गया। उक्त बैठक में संघ पदाधिकारियो का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शिव सागर सिंग, उपाध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, सचिव नागेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित साहू व कार्यकारणी सदस्य व आजीवन सदस्य व साधारण सदस्य चयन किया गया। इसके लिए सात जुलाई को बैठक भी रखी गई है।
धान संग्रहण केन्द्रों में सड़क मरम्मत कार्य शुरु कर दिया गया है।

### गड्ढों को मलबे और मुरूम से भरे जा रहे

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश के परिपालन में जिले के धान संग्रहण केन्द्र सेलूद और अरसनारा अंतर्गत सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण केन्द्र के सड़कों में गड्ढे मलबे और मुरूम से भरे जा रहे हैं। जिससे अब धान परिवहन व्यवस्था सुगम हो जाएगी। धान से लोडेड ट्रक अब फंसेंगे नहीं, जिससे धान परिवहन में तेजी आएगी। वहीं संग्रहण केन्द्रो से धान का उठाव भी तेज गति से होगी। ज्ञात हो कि विगत दिवस कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढे मलबों एवं मुरूम से भरने के निर्देश दिये थे। अरसनारा संग्रहण केन्द्र में नगर पालिका अहिवारा एवं जामुल से मलबे लाये जा रहे हैं। वहीं सेलूद संग्रहण केन्द्र में भिलाई-03 चरौदा निगम से मलबे लाये जा रहे हैं। संग्रहण केन्द्र में ट्रकों के आवाजाही हेतु गड्ढों में मलबे एवं मुरूम डालकर मार्ग मरम्मत किया जा रहा है।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर किया गया पौधारोपण

**दुर्ग।** चंडी शीतला मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती दिवस पर स्मरण व श्रद्धांजलि सभा आयोजन होटल मान चौक में किया गया। कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धांजलि दी। पश्चात पौधे रोपे गए।

## निधन

### प्रकाश चंद साहू



**गुरूर।** ग्राम कुम्हारखान निवासी प्रकाश चंद साहू उम्र 47 वर्ष का निधन 4 जुलाई शुक्रवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। प्रकाश चंद साहू 2002 से फिल्म इंडस्ट्री में जुड़े हुए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ फिल्म एवं 40 एल्बम साथ ही छत्तीसगढ़ दूरदर्शन में भी कार्य किये। वे अंजली साहू के पति, खम्हन लाल साहू, भान साहू के पुत्र, तुलसीराम साहू ,खेमलाल साहू के भतीजा नेमेश साहू के बड़े भाई थे।

# ग्राम अर्जुनी व कुमुड़कट्टा के लाभ संतृप्ति शिविरों से आदिवासी परिवार लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुमुड़कट्टा में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आज आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर आदिवासी परिवार के ग्रामीण एवं हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।

ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित की जा रही लाभ संतृप्ति शिविर उनके जैसे अनेक गरीब एवं जरूरतमंद आदिवासी परिवार के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं कारगर साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले के दोनों गांवों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड की सौगात मिलने के अलावा उन्हें शासन के अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया।

इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 01 हितग्राही को पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा 01 हितग्राही का आयुष्मान कार्ड तथा 10 हितग्राहियों का आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई की गई है। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुमुड़कट्टा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में दुलौरिन बाई का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया।

### दो ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ



#### आयुष्मान कार्ड के लिए प्रक्रिया जारी

इसके साथ ही 35 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई भी की गई। आज आयोजित शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा शविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार मंगलवार 08 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिरचारी में शिविर का आयोजन किया गया है।

## समस्या

**मंगलवार को यदि खाद नहीं मिला तो हड़ताल**

# खाद की किल्लत पर किसानों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में अच्छी बारिश होते ही कृषि कार्य में तेजी आने के साथ ही उर्वरक की किल्लत होने लगी है। मुख्य रूप से किसान यूरिया व डीएपी का उपयोग ज्यादा करते हैं, परन्तु सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं होने के कारण सहकारी समिति प्रबंधक व किसानों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। तो वही कई समितियों में यूरिया की भी कमी होने लगी है।

सोमवार को सेवा सहकारी समिति तरौद में 8 गांव के किसानों को खाद को लेकर सोसाइटी में सुबह 5 बजे से शाम 3 तक बजे किसानों और समिति प्रबंधक के बीच जमकर विवाद हुआ, विवाद बढ़ते ही व किसानों द्वारा चक्काजाम करने का फैसला लेने पर अधिकारी मौके से पहुंचे जिसके बाद किसानों और डीएमओ के बीच भी जमकर विवाद देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी द्वारा खाद उठा ले जायेंगे की धमकी दिया गया, जिसके बाद अधिकारी के साथ भी कहा सुनी हो गई। विवाद के बाद सेवा सहकारी समिति तरौद में 700 बोरी खाद लाया गया और डीएमओ के द्वारा आश्वासन दिया गया कि मंगलवार को 700 बोरी खाद समिति में और लाया जाएगा और किसानों को 1400 बोरी खाद का वितरण किया जाएगा। किसानों ने कहा है कि अगर किसानों को मंगलवार को प्रर्याप्त खाद वितरण नहीं किया जाएगा तो किसानों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा।

### एक्सपायरी नैनो यूरिया वितरण की निष्पक्ष जांच की मांग की



**डौंडी।** कोठारी कृषि केंद्र पर कृषि विभाग ने छापा मारकर उसे बंद कराया था। अब उसी केंद्र का संचालन विभाग खुद कर रहा है। कृषि विभाग ने ही 2022 के एक्सपायरी नैनो यूरिया किसानों को वितरण कर भूल स्वीकार की। उर्वरक निरीक्षक अधिकारी पवन कुमार यदु का दायित्व बनता है कि तीन साल पुरानी एक्सपायरी नैनो यूरिया का सप्लाई कोठारी कृषि केंद्र में कहां से आया। इस सप्लाई के तार और कहां से जुड़े है। इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच होने की मांग डौंडी नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोरेलाल सोनी ने शासन प्रशासन से की है।

सोनी का कहना है कि डौंडी के उर्वरक निरीक्षक अधिकारी ने कोठारी कृषि केंद्र में कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद जिला कलेक्टर के आदेश पर विभाग ने कोठारी केंद्र को अपने नियंत्रण में ले लिया। विभाग ने कहा है कि कार्रवाई के बाद भी खाद्य सामाग्री कोठारी केंद्र के नाम से आ रहा है। विभाग द्वारा इसी केंद्र से किसानों को खाद्य वितरण किया जा रहा है। इस केंद्र से किसानों को 2022 में एक्सपायर हो चुका नैनो यूरिया लिक्विड बांटा गया। जबकि यह यूरिया केवल सहकारी समिति को ही भेजा जाता है। विभाग ने मीडिया के सवाल पर सफाई दी कि यह गलती से बंट गया। अब विभाग खुद किसानों के घर जाकर एक्सपायरी यूरिया बदलने की बात कह रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि जिस निजी कोठारी कृषि केंद्र पर पहले कार्रवाई हुई, अब उसी केंद्र से सहकारी समिति का यूरिया किसानों को बांटा जा रहा है। इससे साफ है कि विभाग के हाथ में संचालन आते ही एक्सपायरी यूरिया खपाने की रणनीति अपनाई गई। विभाग ने जिस केंद्र को पहले नियमों के उल्लंघन पर बंद कराया, अब उसी से खाद्य वितरण कर रहा है। और एक्सपायरी नैनो यूरिया सप्लाई इस केंद्र में कैसे पहुंची, इसके तार कहां कहां से जुड़े हुए है। इसकी जांच जिम्मेदारी उर्वरक निरीक्षक अधिकारी द्वारा नहीं किया गया।

# विज्ञान के 72 शिक्षकों को पदांकन आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मे सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर कुल 72 अभ्यार्थियों को उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार आदेश वितरण किया गया।

बीएड अहर्तधारी सहायक शिक्षको को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजन कर डौंडी विकास खंड अंतर्गत संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों मे कुल 35 एवं डौण्डीलोहारा विकासखंड अंतर्गत कुल 37 हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलो मे सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर अभ्याथएँ द्वारा राज्य स्तर मे काउंसलिंग प्रक्रिया मे भाग लेकर चयनित संस्था मे पदांकान आदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया।

### 10वीं-12वीं की द्वितीय प्रमुख परीक्षा जुलाई में

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं तथा 12वीं के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के अंतर्गत द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा 08 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तथा कक्षा 10वीं की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा 09 जुलाई से 21 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित होगी। जिले में उक्त परीक्षाओं के गोपनीय सामग्री का परिवहन, वितरण, परीक्षा के दौरान केन्द्रों में उड़नदस्ता दल भेजने एवं मूल्यांकन आदि कार्य के लिए अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा बालोद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**हाईवे किनारे शराब का कारोबार बना जी का जंजाल**

# सिर्फ अंजोरा की शराब दुकान हटी बाकी शहर के अंदर छलक रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग से पांच सौ मीटर की दूरी पर कोई शराब दुकान संचालित नही होने चाहिए। लेकिन दुर्ग जिले में हाईवे किनारे जमकर जाम छलक रहे है। हाईवे किनारे की सडक से सटकर शराब दुकान संचालित होने से आवाजाही जहां बाधित हो रही है, वही दुर्घटनाओं का ग्राफ भी लगातार बढ रहा है। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पाबंदी होने के बाद भी जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा धडल्ले से परमिशन जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव के पहले दुर्ग ग्रामीण के लोगों ने कंपोजिट मंदिरा दुकान अंजोरा हाईवे से शराब दुकान हटाने की मांग रखी थी। जिसके बाद विधायक ललित चंद्राकर के प्रयास से दुकान हटाकर उसे हाईवे से तीन किमी दूर थनौद में शिफ्ट कर दिया है। लेकिन दूसरी तरफ अभी भी शहर में शराब दुकान संचालित है। जिसमें गंज चौक हाईवे से बिल्कुल लगकर शराब दुकान संचालित हो रही है। यहां दिन हो या रात शराब प्रेमियों की उपस्थिति से सडक जाम रहता है। इसी तरह नया बस स्टैंड के पास हाईवे से लगकर शराब दुकान संचालित हो रही है। जबकि यहां सार्वजनिक जगह होने से लोगों की मौजूदगी अधिक रहती है। इसके आलावा भिलाई के खुर्सीपार में भी हाईवे किनारे शराब दुकान संचालित है। दुर्ग में धमधा नाका ग्रीन चौक के पास शराब दुकान संचालित है। हांलाकि यह स्टेट हाईवे से लगा है। इसके आलावा भिलाई की बात करे तो छावनी, नेहरू नगर, सुपेला, पावर हाउस, चरौदा और कुम्हारी में भी बार और शराब दुकाने संचालित हो रहे है, जिसे लेकर आबकारी का कहना है कि, यह हाईवे से काफी अंदर है।

### बघेरा वार्ड बना शराब प्रेमियों के लिए हाटस्पाट

दुर्ग के बघेरा वार्ड में ही आधा दर्जन दुकान होने से यह जगह शराब प्रेमियों के लिए हाटस्पाट बन गया हैं। नेशनल हाइवे मुंबई-कोलकत्ता बाईपास दुर्घटना जनित क्षेत्र होने के बावजूद यहां बघेरा से लगे नयापारा 1.5 कि.मी की दूरी में शराब दुकान, बघेरा से गंजपारा 1.8 कि.मी. दूरी पर, उरला 1.4 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा लेप्ट साइड 1.8 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा राइड साइड-1.8 कि.मी. दूरी और रेल्वे स्टेशन ग्रीन चौक 1.8 कि.मी. दूरी पर शराब दुकाने है। पिछले माह में ही बघेरा वार्ड में नई शराब अलग से खुल रही थी, जिसके विरोध में सैकडों महिलाओं ने रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसके पहले ब्रम्हकुमारी बहनों ने भी ज्ञापन दिया था।

# लक्ष्य से 108% अधिक बीज उपलब्ध, निगम का दावा किसानों को नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- 87 सेवा सहकारी समिति करेंगी वितरित



खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को बीज की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के लिए 28,167 क्विंटल बीज की मांग की गई थी, जिसके मुकाबले आज दिनांक तक धान, अरहर, सोयाबीन, उड़द, मूंग और रागी सहित कुल 29,649.78 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है।

यह आंकड़ा मांग से 108 फीसदी अधिक उपलब्धता को दर्शाता है, जिससे किसानों को पर्याप्त बीज उपलब्ध हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपलब्ध बीज में से 27,178.10 क्विंटल बीज जिले की 87 सेवा सहकारी समितियों द्वारा किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है, जो कि उपलब्ध बीज का लगभग 94% है, जिसका किसानों द्वारा उठाव किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, विभागीय प्रदर्शनों के लिए कृषि विभाग के पास 183 क्विंटल बीज मौजूद है। जबकि बीज उत्पादन कार्यक्रम और किसानों को नगद बिक्री हेतु प्रक्रिया केंद्र रुआबांधा से 1,952 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। किसानों को उनकी मांग के अनुरूप बीज निगम द्वारा प्रमाणित, आधार और प्रजनक बीज उपलब्ध कराया गया है। इन बीजों का उपयोग सामान्य बोनी के साथ-साथ आगामी वर्ष हेतु बीज उत्पादन कार्यक्रम में भी किया जा रहा है, जिससे भविष्य के लिए भी गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में, वितरण के उपरांत समितियों में 1,100 क्विंटल और बीज निगम में 530 क्विंटल बीज शेष है। इन बचे हुए बीजों का वितरण, विक्रय कार्य किसानों के बीच निरंतर जारी है।

## पेज 11 के शेष

### फुटबाल टूर्नामेंट थाईलेंड के ...

को नई ऊंचाई दी है। किरण 2014 से अब तक कटक, गोवा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान–निकोबार जैसे दर्जनों राज्यों में आयोजित जूनियर, स्कूल और सीनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिताओं का हिस्सा रही हैं। 2022 में नेपाल में आयोजित साउथ एशियन चौंपियनशिप में भी उन्होंने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। परिजनों और वार्डवासियों का कहना है कि किरण ने बिना किसी सरकारी सहायता के यह मुकाम हासिल किया है। शुरू से ही उबड़–खाबड़ मैदानों में मेहनत और लगन से अभ्यास करती रहीं। अब उनके कठिन परिश्रम का फल उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रहा है। किरण ने कक्षा पहली से दसवीं तक पढ़ाई संस्कार शाला बालोद में की और 11वीं–12वीं की पढ़ाई महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल से पूरी की। इसके बाद वे आगे की पढ़ाई के लिए रायपुर चली गईं। जहां उन्होंने खेल को भी जारी रखा। जून 2023 में भुवनेश्वर में आयोजित जनजातीय नेशनल चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। फाइनल मुकाबला झारखंड से हुआ था जिसमें बालोद की किरण और बस्तर की मुस्कान ने एक–एक गोल कर टीम को जीत दिलाई थी।

### पापुनि से निजी स्कूलों को ...

जाए फिर खर्च करके एक बार और आए वाली वाकया रचित हो गई है। छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक डिपो में उमड़ी भीड़ः छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक रायपुर बुक डिपो में दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूलों को पुस्तक वितरण के लिए निर्धारित दो दिवसीय तिथि के प्रथम दिवस 7 जुलाई सोमवार को दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल वालों की लंबी कतार लगी रही और जब बारी आई तो पता चला डिपो में अनेकों पुस्तक उपलब्ध ही नहीं है। फिर एक बार कतार लगाने की व्यथा से शिक्षकों का मन उदास हुआ। आज हजारों रुपए खर्च कर वाहन में आए और फिर दूसरी बार हजारों रुपयों की चुना स्कूल को लगना तय है। पढ़ाई तो पुस्तक के अभाव में अस्त व्यस्त होना ही है। नई पुस्तक के अभाव में पुरानी पुस्तक से पढ़ाई चल रही है नई पुस्तक में बदलाव हुआ हो तो एक माह की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

### बालोद में शासकीय कर्मचारियों ...

रूप से उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है। कलेक्टर मिश्रा ने जारी आदेश में सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों तथा नये कर्मचारियों का बायोमैट्रिक सुनिश्चित कराने को कहा है।

इसके साथ ही सभी कार्यालय प्रमुख मंगलवार 08 जुलाई को समय–सीमा बैठक में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के अलावा आगामी माह का वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान करने को कहा है।

### छमुमो को चुनाव आयोग ...

को पूरा नहीं करता है तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से हटाया जा सकता है। इसी आधार पर आयोग ने छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा को पंजीकरण रद्द करने का प्रस्ताव दिया है। इससे पूर्व आयोग ने दल को 11 जुलाई 2025 तक अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। पार्टी अध्यक्ष या महासचिव द्वारा हलफनामा सहित लिखित उत्तर एवं सभी सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 11 जुलाई को सुनवाई की तारीख निर्धारित की गई है और इस सुनवाई में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि तय समय तक कोई जवाब नहीं मिलता, तो यह मान लिया जाएगा कि पार्टी के पास कोई आपत्ति नहीं है और आयोग बिना किसी अन्य सूचना के आवश्यक निर्णय लेगा।

### बरसात में मां सियादेवी ...

दर्शनार्थियों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मां सियादेवी मंदिर आस्था का बड़ा केन्द्र है। यह दार्शनिक स्थल के सांथ पर्यटक स्थल के रुप में प्रसिद्ध है जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है।

### गंगानगर-कलेक्टोरेट मार्ग ...


बीच सड़क मे रेत, गिट्टी डाल देने के कारण दिक्कतें हो रही हैं। वही बीते दिनों एक स्कूल बस सड़क पर रखे गिट्टी में बस का पहिया आ जाने के कारण पलटने के कगार पर था, लेकिन समय रहते बस कंडक्टर और चालक द्वारा स्कूली बच्चों को बस से सुरक्षित नीचे उतारा गया, जिसके बाद बस को भी सुरक्षित हटाया गया, इस दरमियान उनकी समझदारी के कारण एक बड़ी सड़क दुर्घटना होते होते टली है।

# राशि जारी होने के बाद भी 14 सौ मकान अप्रारंभ, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के चौदह सौ हितग्राहियों को पहली किस्त जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नही किया गया है। इन्हें एक माह के अंदर निर्माण शुरू करना था। लेकिन ऐसा नही पाए जाने पर सीईओ ने करीब चौदह सौ को नोटिस जारी किया है। वहीं आगामी 15 जुलाई तक वर्ष 2016-25 की स्थिति में मकान बनाने रूचि नही दिखान वाले हितग्राहियों की पात्रता भी निरस्त की जाएगी। जिसके चलते हितग्राहियों में खलबली मची है। प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत प्रथम किश्त प्राप्त होने के बाद भी अप्रारंभ आवास, जिसमें जनपद पंचायत धमधा में 631, दुर्ग में 496, पाटन में 285 है। इस प्रकार कुल 1412 को प्रदान किए गए हैं। सभी हितग्राहियों को नोटिस जारी कर समय सीमा में कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया गया हैं। वहीं द्वितीय किस्त प्रदान किए गए एक माह से अधिक आवास जनपद पंचायत धमधा में 1637, दुर्ग में 524 एवं पाटन में 1001 इस प्रकार कुल 3162 आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, वित्तीय वर्ष 2016-25 तक हितग्राहियों की सूची तैयार हो रही है। इसमें पात्रता के बाद कई हितग्राही पलायन व मृत्यु व अन्य कारण से मकान नही बन पाए हैं। ऐसे समस्त आवास के हितग्राहियों का ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर 15 जुलाई तक निरस्त करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वही पीएम आवास 2.0 के सहायता प्राप्त हितग्राहियों का सत्यापन नोडल अधिकारी द्वारा 31 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया हैं।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने किया ई-ऑफिस का शुभारंभ

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में सभी शासकीय कार्यालयों में ई–ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष से इसका विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि ई–ऑफिस से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समयबद्धता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप समस्त विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और सुगम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग एवं प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता, समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार, कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है।

### सचिव दिवस पर गुरूर में सम्मान समारोह आयोजित



**गुरूर।** ग्राम पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत गुरूर सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर सिरमौर व बागड़े, पूर्व प्रांत अध्यक्ष सचिव संघ योगेश कुमार चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत गुरूर योगेश कुमार देवांगन, ब्लाक अध्यक्ष सचिव संघ ईकाई गुरूर पन्ना लाल सिन्हा, रामूलाल ठाकुर, करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर ईश्वर यादव सहित जनपद पंचायत गुरूर के कर्मचारी एवं सभी ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### गुरूपूर्णिमा महोत्सव 10 को सोनईडोंगरी में

**गुरूर।** गुरूपूर्णिमा के अवसर पर श्री गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई को ग्राम के आशाराम बापू आश्रम ग्राम सोनईडोंगरी मे किया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक दीप प्रज्वलन, श्री गुरूवंदना, श्रीगुरू प्रार्थना, श्री गुरू पादुका पूजन, श्री आशारामायण का पाठ एवं माला पूजन कार्यक्रम होगा। 11 से 11:50 बजे तक पूज्य गुरूदेव का विडियो सत्संग आयोजन होगा, 11:50 बजे से 12:30 बजे तक दोपहर की संध्या और मानस पूजन कार्यक्रम होगा। 12:30 से 2 बजे तक भजन कीर्तन, जप ध्यान कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे से 2:30 बजे तक साधको के अनुभव, सेवा परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे महाआरती, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा।

### बीएसपी मकान में हादसा बाल-बाल बचे बच्चे

**भिलाई।** बीएसपी के आवास में बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में कर्मी का एक परिवार बाल-बाल बच गया है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी इंकॉस के कर्मी जी वर प्रसाद का परिवार दहशत में है। जिसे लेकर बीते दो साल से इसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सेक्टर 5 के सड़क 15 क्वार्टर 1 के के निवासी प्रसाद ने 25 अक्टूबर 2023, 27 जून 2024 को ऑनलाइन रूफ लीकेज की शिकायत की गई है।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बारिश

### बारिश के चलते किसानों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी

# रुक-रुक कर अंचल बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

नगर सहित आस पास के गांव में रविवार शाम से सोमवार रात तक रूक रूककर बारिश हुई। बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। एक ओर जहां बारिश के चलते किसानों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी तो वहीं दूसरी तरफ आम लोगों का सड़कों पर चलना दुभर हो गया। बारिश के चलते ग्राम नवागांव डु से अर्जुन्दा बालोद मुख्य मार्ग जाने वाले रास्ते में लगभग 2 फीट से अधिक पानी भरा रहा। जिसके चलते उस रास्ते से लोगों का चलना मुश्किल हो गया। वहीं कई लोग मजबूरन अपने कार्यों के लिए उस रास्ते से जान जोखिम में डालकर पानी से भरा रास्ता पार करते रहे।

**अवैध कब्जा के चलते नहीं हो रही निकासी:** ग्रामीण मनोज साहू, बिरेन्द्र साहू, तुलेश सिन्हा, सुकलु दास मानिकपुरी ने बताया कि एक साल पहले तक बारिश के दिनों में सड़क पर पानी नहीं भरता था। लेकिन गांव में कुछ लोगों द्वारा पानी निकासी के रास्ते पर कब्जा कर लिया है। जिसके कारण बारिश के पानी की उचित निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके चलते पानी सड़क पर ही भर गया है। पानी भर जाने के कारण उस रास्ते पर चलना मुश्किल हो गया है।



### तहसीलदार को देंगे जानकारी

पूरे मामले को लेकर सरपंच ऊषा साहू ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने के कारण बारिश का पानी भर रहा है। कुछ लोगों के कारण कई लोगों को परेशानी हो रही है। गांव में बैठक कर अवैध कब्जाधारियों को चिन्हांकित किया जायेगा और तहसीलदार को आवेदन देकर इसकी जानकारी दी जायेगी। अगर खुद से अवैध कब्जा नहीं हटाते तो प्रशासन के माध्यम से कार्यवाही कराने का प्रयास करेंगे।

### मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर



**बालोद।** जिले में रविवार की देर शाम से लेकर सोमवार की शाम तक मूसलाधार बारिश जारी रही, बारिश से नदी नाले का जल स्तर बढ़ गया है, तो वहीं शहर से लेकर गांव तक झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। बीते 24 घन्टे में जिले में 35.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। आपको बता दें कि मानसून लगने के बाद से अब तक जिले में करीब औसत 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। खास बात यह है कि गमएँ के समय जलस्तर घटने के दौरान गुरुर ब्लॉक को रेड जोन में रखा गया था, जबकि मानसून में अब तक सबसे अधिक बारिश गुरुर ब्लाक में ही हुई है और सबसे कम मार्री बंगला देवरी में हुई है। वही सोमवार की स्थिति में भू–अभिलेख शाखा के अनुसार डौंडी तहसील में सबसे अधिक 54.3 मिमी और मारएँ बंगला देवरी तहसील में सबसे कम 24.3 मिमी बारिश हुई है। डौंडीलोहारा में 29 मिमी, अर्जुन्दा में 28.7 मिमी, गुरूर में 34.8 मिमी, गुण्डरदेही 42.8 मिमी, बालोंद में 32.9 मिमी औसत बारिश हुई है। वही मौसम विभाग के अनुसार जिले में मंगलवार को भी बुंदाबांदी होगी।

# 400 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए 16 को मेगा प्लेसमेंट कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद द्वारा 16 जुलाई को एक दिवसीय मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा कुल 435 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह प्लेसमेंट कैंप युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में बिलासपुर स्थित जीएसएमआर सोलर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा फील्ड ऑफिसर के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास और आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इन पदों का कार्यक्षेत्र बालोद जिले के गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा सहित अन्य ब्लॉकों में रहेगा। इसी प्रकार, राजनांदगांव की संसुर श्रुसंति इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा ब्रांच मैनेजर के 33 तथा बिजनेस डेवेलपमेंट ऑफिसर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा अधिकतम स्नातक तक स्वीकार्य होगी, साथ ही अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, भिलाई की सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस द्वारा सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष) के 200 पदों, सिक्योरिटी गार्ड (अन्य) के 100 पदों, सिक्योरिटी सुपरवाइजर (पुरुष) के 50 पदों और महिला सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक तथा संबंधित पदों के लिए दो वर्ष का अनुभव भी अपेक्षित है। इन पदों के लिए आयु सीमा 20 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा कार्यस्थल रायपुर, दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल एवं छायाप्रति, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि को जिला रोजगार कार्यालय बालोद में उपस्थित होना अनिवार्य है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से किराड़ समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय छत्तीसगढ़ प्रदेश किराड़ समाज के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष जयेश ठाकुर की अगुवाई में केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार एवं किराड़ रत्न शिवराज सिंह चौहान से समाज के वरिष्ठ नेता भाई ब्रजेश चौहान की उपस्थिति में सौजन्य मुलाकात कर उनका अभिनंदन भी किया। केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार से सौजन्य मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष जयेश ठाकुर के साथ सामाजिक पदाधिकारीगण कृपाल सिंह , अमोल मोहने, अंश कुमार सहित अन्य सामाजिकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ प्रदेश किराड़ समाज की सामाजिक गतिविधियों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा भी किया।छत्तीसगढ़ प्रदेश किराड़ समाज के आगामी माह में संभावित प्रदेश वार्षिक आयोजन में अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान करते हुए अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमो में से समय प्रदान करने की बात भी किराड़ समाज के प्रतिनिधिमंडल से कही है।

### आज एयरपोर्ट में अभिनंदन करेंगे

केन्द्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार एवं किराड़ समाज के वरिष्ठ नेता से सौजन्य मुलाकात पर प्रदेश अध्यक्ष जयेश ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश किराड़ समाज का वार्षिक आयोजन आगामी माहों में संभावित है और स्थानीय समाज चाहता है कि समाज के राष्ट्रीय नेतागण इस आयोजन में उपस्थित रहे,इसी तारतम्य में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात कर अनुरोध किया है उन्होंने जल्द समय प्रदान करने का आश्वाशन समाज के प्रतिनिधिमंडल को दिया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार तथा किराड़ समाज के राष्ट्रीय नेता शिवराज सिंह चौहान के 8 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश आगमन पर प्रदेश किराड़ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में उनका स्वागत और सम्मान करेगा।

### शाला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया

**डौंडी लोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। शाला नायक के पांच प्रत्याशियों में डिकेश साहू ने विजय हासिल किया, उपशाला नायक पंकज कुमार चुने गए, क्रीडा मंत्री संदीप कुमार, अनुशासन एवं बागवानी मंत्री प्रेम कुमार, सांस्कृतिक मंत्री प्रीतम कुमार ,स्वास्थ्य मंत्री सेशांत कुमार तथा स्वच्छता मंत्री पितेश कुमार चुने गए। कक्षा नायक आठवीं प्रीतम कुमार, उप कक्षा नायक संदीप देवांगन ,सातवीं कक्षा नायक पंकज कुमार ,उप कक्षा नायक सेशांत छठवीं, कक्षा नायक हिमांशु तथा उप कक्षा नायक अभय कुमार चुने गए। चुनाव प्रभारी लक्ष्मी चंद सोनवानी ,हरीश सिन्हा, सातो धनकर एवं वंदना साहू ने सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश्वर सिंह निषाद तथा आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र ने किया। विजय प्रत्याशियों को शपथ ग्रहण एवं कार्यभार ग्रहण कराया गया।

# सशिमं की आचार्य दीदियों ने प्रशिक्षण वर्ग का लाभ लिया



**जामगांव आर।** अध्यापन कला कौशल की बारीकियों को समझकर निपुण होने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की आचार्य दीदियां प्राचार्य के साथ रविवार को सेक्टर 4 सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ बाल केंद्र प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होकर लाभ उठाए। शिक्षिका धनेश्वरी साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में अभिनय के माध्यम से अध्यापन की सरल सुगम तरीका बताया गया जिससे बच्चों का मानसिक विकास करने में बड़ी आसानी होगी। प्रशिक्षण में16 स्थानों के 28 पुरुष एवं 36 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में विजयवाड़ा से वेंकटरामन की शैली बड़ी रोचक रही।

जामगांव आर के संस्कृतचार्य नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में जामगांव आर बेलहारी नवागांव बटरेल के संस्—त प्रेमियों ने लाभ उठाया। अंग्रेजी माध्यम के अनेकों बच्चो ने संस्कृत संभाषण में तहेदिल भरपूर रुचि लेकर साबित कर दिया कि अंग्रेजी आज की जरूरत है लेकिन संस्कृत तो अनादिकाल से संस्कृति और संस्कार के लिए जरूरी है।

### इनकी ज्ञान वाणी का भी लाभ मिला

समापन समारोह में हेमचंद विश्वविद्यालय के कुल सचिव भूपेंद्र कुलदीप, प्राध्यापक डॉ अनिलकुमार कश्यप इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के डॉ सत्येंद्र सेंगर के मार्गदर्शन का लाभ भी प्रशिक्षकों ने लिया। प्रशिक्षण से लौटते हुए प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जीवन सिखने का अनेकों अवसर प्रदान करती है सतत अवसर तलाशना चाहिए और ज्ञान की वृद्धि करते रहना चाहिए। ज्ञान ही व्यक्ति के व्यक्तित्व को प्रभावी बनाता है। इसी तारतम्य में विद्यालय प्रबंधन ने अध्यापकों को प्रशिक्षण वर्ग में भेजकर बच्चो को लाभान्वित करने की योजना बनाई है। जिसके तहत विद्यालय के आचार्य लिकेश्वर साहू, परमानन्द धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, कल्पना साहू, शशि यादव, झरना साहू, प्राचार्य पीएल बारले एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिए।

# कौड़ो सिंह ने गोलछा फार्म में पौधा लगाकर दिया जल संरक्षण का संदेश



**डोंडी।** गोलछा फार्म में पर्यावरण प्रेमी कौड़ो सिंह, उमेश धनकर,अजय निर्मलकर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जल के घटते स्तर से बचाव के लिए पांच फलदार पेड़ लगाए। यह अभियान जल संरक्षण और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। कौड़ो सिंह, उमेश धनकर,अजय निर्मलकर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लिया, जिसका उद्देश्य जल के घटते स्तर से बचाव करना है। इस अभियान के तहत, उन्होंने पांच पेड़ लगाए, जो जल संरक्षण में मदद करेंगे। पेड़ों की जड़ें बारिश के पानी को सोखकर मिट्टी में जमा करती हैं, जिससे भूजल स्तर बढ़ता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। पेड़ लगाने से न केवल जल संरक्षण होता है, बल्कि यह पर्यावरण को भी कई तरह से फायदा पहुंचाता है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर हवा को शुद्ध करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। इसके अलावा, पेड़ पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए आवास भी प्रदान करते हैं। यह अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो पर्यावरण को बचाने और जल संरक्षण में मदद करने के लिए लोगों को प्रेरित करता है।

# चौसठ योगिनी मंदिर में स्थापित होंगी महाकाली और कामधेनु की विशाल प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही ब्लॉक में स्थित ग्राम लिमोरा मे 64 योगिनी मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां कल राजस्थान से विशालतम भव्य रूप धारी 12 फीट ऊंची, साढ़े 9 फीट चौड़ी, 30 टन वजनी माता महाकाली तथा 15 टन वजनी कामधेनु माता की प्रतिमा निर्माणधीन मंदिर में पहुंच चुकी है। बारिश के साथ ही मंदिर के संस्थापक प्रसिद्ध नाडी वैद्य बीरेंद्र देशमुख, मोक्ष धाम सेवा समिति के सभी सदस्यगन साथ ही लिमोरा ग्राम और आसपास के श्रद्धालु गणों ने बड़ी संख्या में बड़े ही उत्साह व श्रद्धा से प्रतिमाओं का भव्यतम स्वागत किया।

इस मंदिर का निर्माण 64 ग्रामों में भिक्षा मांग कर किया जा रहा है, बीरेंद्र देशमुख नाड़ी वैद्य ने बताया कि मंदिर निर्माण के उपरांत एक मेंटल हॉस्पिटल निर्माण की योजना भी तैयार कर ली गई है। जिसमें विक्षिप्त लोगों का पूर्ण इलाज संस्था के डॉक्टर करेंगे जो की पूर्णता निःशुल्क होगा। मंदिर निर्माण में अनेकों हाथ श्रमदान अनेको भक्तजन ईट पत्थर, सीमेंट या यू कहे जिससे जो सहयोग बन सके वह सहयोग देने आगे आ रहे हैं। बीरेंद्र देशमुख के साथ–साथ अपने सहज–सरल स्वभाव साथ ही सामाजिक सेवा कर पूरे जिले ही नहीं वरन देश में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। आज भी नाड़ी वैद्य के रूप में कई जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां देकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं।

# चिंगरी में धूमधाम से मनाया मां शीतला का जुड़वास पर्व





**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में दैहिक, दैविक एवं भौतिक तापों से गांव की सर्वदा रक्षा करने वाली मां शीतला का जुड़वास मां शीतला जुड़वास उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर मां शीतला का दूध से अभिषेक, नीम पत्तियों के हार, हल्दी का टीका एवं वैदिक पूजन के साथ मां की आराधना की गई। ज्ञात हो कि यह जुड़वास उत्सव कार्यक्रम वर्षभर सोमवार व गुरूवार को साप्ताहिक सेवा करने वाले नवयुवकों द्वारा प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया गया । पुरे गांव में कलश यात्रा, संगीतमय प्रभात फेरी, मंचीय कार्यक्रम, जस सेवा आदि कार्यक्रम से दुग्धाभिषेक, वैदिक पूजन से ही माता का जुड़वास मनाया गया। यजमान गांव के बैगा शालिक राम निर्मलकर थे। यह कार्यक्रम शीतला जुड़वास उत्सव समिति के सदस्य चेतन यादव, महेंद्र पटेल, मनिकांत पटेल, जितेन्द्र निर्मल कर, राजेश्वर देशमुख, बीरू निर्मलकर, नारायण, कुबेर, अमीत निर्मलकर,सुधीर साहू, भोज पटेल, चुम्मन देशमुख , राकेश धीवर सहित समस्त ग्रामवासी व आदि के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। चेतन यादव ने सभी सेवकों एवं सहयोगियों का सफल कार्यक्रम के लिए आभार ज्ञापित किया।

### कार्यक्र में अपर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे

# शबरी स्पोर्ट्स क्लब व जिला हॉकी संघ की पहल पर करियर मार्गदर्शन का हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ बालोद के द्वारा आयोजित नईं सोच, नईं उड़ान करियर गाइडलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को करियर संबंधी उचित मार्गदर्शन देना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना रहा।



कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दर्जनों युवाओं ने सहभागिता की और अपने जीवन व करियर के प्रति नए दृष्टिकोण को आत्मसात किया। कार्यक्रम मे अपर कलेक्टर बालोद किशोर लकड़ा, पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन प्रमुख डॉ. लीना साहू, स्पोर्ट्स ऑफिसर शासकीय महाविद्यालय बालोद मनीष टोप्पो, चीफ एडवाइजर, एलआईसी राजहरा किशोर कराडे उपस्थित थे। इन सभी वक्ताओं ने युवाओं को विविध क्षेत्रें जैसे खेल, सिविल सेवा, रक्षा, शिक्षा और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी और प्रेरित किया कि वे सिर्फ सपने न देखें, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए ठोस प्रयास करें। विशिष्ट अतिथियों में जिला उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष जिला हॉकी संघ बालोद तोमन साहू, जनपद उपाध्यक्ष बालोद दिनेश सिन्हा, अध्यक्ष शबरी स्पोर्ट्स क्लब मिथलेश तारम, जनपद सदस्य बालोद प्यारी राणा, जनपद सदस्य बालोद लोकेश डड़सेना, लता किशोर सांगरे, बसंत तारम, लता सिन्हा, शिवरात्रि नेताम, विनोदिनी यादव, पवन साहू, देवेंद्र धनकर, पेमिन साहू, जालम सिंह पटोटी, दिनेश देवांगन, चमेली चित्रसेन साहू, मालती भुसाखरे, सचिव एवं कोच जिला हॉकी संघ तोरण सिन्हा, सदस्य सूर्यकांत सिन्हा, रूपेंद्र सिन्हा, खुनेश्वर सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, अनुपमा चौबे, ठाकुर, संरक्षक राजेश घोड़ेसवार, प्रेरणादायक वक्तव्य वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे सही सोच, मेहनत और मार्गदर्शन से ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं।

कार्यक्रम में प्रीति, पम्मी, नम्रता, तनुजा, भावना, गीतांजलि, गीतू, गीतिका, हुलसी, गायत्री, रश्मि, नंदिनी, पूजा, त्रिलोकमा, लोकेश्वरी, कविता, हिमाद्री, तोषण, थानेश्वर, नीरज, चित्रसेन, पल्लवी, डेनिशा, मोनिका, यामिनी व प्रतिभाशाली छात्राएं व छात्र उपस्थित थे।

